an>

Title: Need to construct roads under Pradhan Mantri Gram Sadak Yojana in all the villages of Bhilwara Pariamentary Constituency, Rajasthan.

श्री सुभाष चन्द्र बहेड़िया (भीलवाड़ा) ः पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व वाली सरकार ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना को शुरू किया था। इसमें जनसंख्या को आधार मानकर गांवों को सड़कों से जोड़ने का काम प्रारंभ हुआ। आज इसके माध्यम से गांव के विकास में तेजी आई है। इस योजना के तहत 1991 तथा बाद में 2001 की जनगणना को आधार माना गया तथा इस आधार पर स्वीकृतियां हो रही हैं। राजस्थान प्रदेश में 250 तक की जनसंख्या वाले गांवों में सड़कों के निर्माण का काम पूरा हो गया है, परन्तु ऐसे कुछ राजस्व ग्राम, जो योजना के बनते समय नगरीय क्षेत्रों में थे इसलिए वे इस योजना से नहीं जुड़ सके। परन्तु आज यह राजस्व गांव होकर ग्राम पंचायतों का हिस्सा हैं तथा 2011 की जनगणना के हिसाब से उनकी जनसंख्या 500 से भी ज्यादा है, परन्तु वहां सड़क का निर्माण नहीं हो पा रहा है। विशेष रूप से भीलवाड़ा लोक सभा क्षेत्र में भीलवाड़ा जिले की मांगडलगढ़ तहसील के गांव तिरोली ग्राम पंचायत होड़ा का उदाहरण है। यह गांव पहले नगर पालिका क्षेत्र का हिस्सा था परन्तु अब राजस्व गांव है तथा जनसंख्या भी 500 से अधिक है।

मेरा सरकार से आग्रह है कि इस संबंध में देशव्यापी सर्वे करवा कर ऐसे गांवों को प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना में जोड़ा जाये, इससे इन गांवों के विकास में तेजी आयेगी।